# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–डी०एम०सी०–1एम–07 / 19–20 ........ 7866 (अ) | पटना, दिनांक–27/9/23

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
सभी भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

विषयः– योजनाओं के अनुश्रवण हेतु Hindrance register संधारित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विकास आयुक्त, बिहार द्वारा CWPI के माध्यम से योजनाओं का अनुश्रवण किया जा रहा है। उक्त समीक्षा के क्रम में पाया जाता है कि योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति की तिथि से एकरारनामा तक CWPI में निर्धारित अवधि (113 दिन) के विरूद्ध काफी समय (8–12 माह) लग जाता है तथा PMIS में या अन्य माध्यम से आपके द्वारा आधे–अधूरे तथा अस्पष्ट डाटा प्रतिवेदित किए जाने के कारण विभाग द्वारा उक्त अतिरिक्त समय लगने के औचित्य के संबंध में जवाब देने में विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ता है।

दिनांक–14.09.2023 को सचिव, भवन निर्माण विभाग की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया है कि प्रत्येक योजना के लिए कार्यपालक अभियंता द्वारा एक Hindrance Register का संधारण किया जाएगा, जिसमें प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण होने की तिथि तक किये जाने वाले सभी Activity को संलग्न प्रपत्र के अनुसार तिथिवार अंकित करेगें, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि किस स्तर पर और किस कारणवश कितना विलम्ब हुआ है। प्रत्येक Activity के लिए निर्धारित अवधि से ज्यादा समय लगने पर संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी को अतिरिक्त समय लगने का औचित्य संबंधी प्रतिवेदन समर्पित करना होगा तथा औचित्य संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अनु०:– यथोक्त।

विश्वासभाजन

26/09/23

(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 7866 (अ) दिनांक– 27/9/23

प्रतिलिपिः–सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/09/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 7866 (अ) दिनांक– 27/9/23

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/09/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

DMC-02

# योजनाओं के अनुश्रवण हेतु Hindrance register संधारित करने हेतु प्रपत्र

योजना का नाम :—

प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :—

| क्र० सं० | योजना के क्रियान्वयन हेतु Activity का नाम (यथा–जमीन उपलब्धता, मिट्टी जाँच, निरूपण, प्राक्कलन गठन एवं प्रेषण, तकनीकी स्वीकृति, परिमाण विपत्र प्रेषण, परिमाण विपत्र अनुमोदन, निविदा आमंत्रण, निविदा निष्पादन, एकरारनामा, कार्य के दौरान अन्य बाधा इत्यादि) | Activity wise व्यतीत समयावधि | निर्धारित अवधि से ज्यादा समय लगने का स्पष्ट कारण संबंधी विस्तृत विवरण (पत्रांक / दिनांक के साथ) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |